कार्यालय नगर पालिक निगम,भिलाई
उद्यान विभाग

क्र./ उद्यान विभाग./ 2026/ 1065 भिलाई, दिनांक 06/11/2026

निविदा सूचना

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से लोक निर्माण विभाग के भवन एवं सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर 01.06.2020 से लागू तथा **नान एसओआर** पर एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक पर निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सांय 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य हेतु निविदा तिथि

1. निविदा जारी करने की तिथि – दिनांक 06/11/2026
2. निविदा प्राप्ति की तिथि – दिनांक 26/11/2026 सांय 5.30 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथी – दिनांक 27/11/2026

क्र0	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	फार्म
1	वार्ड क्रं. 67 पश्चिम, सेक्टर 07 में सड़क एवेन्यू–ए के पास स्थित उद्यान का संधारण कार्य करने बाबत्।	277872.00	4000.00	750.00	60 दिन	A

नियम एवं शर्तें:–(1) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेगें (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में **कार्यपालन अभियता**, नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबधित ठेकेदार के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी, जमा करना होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिये जीवित ठेकेदारी **ई–पंजीयन**, जी एस टी प्रमाणपत्र, पेनकार्ड/आयकर प्रमाण पत्र, जीवित साल्वेंसी समस्त प्रमाण पत्र की स्व हस्ताक्षरित प्रति एवं नोटरी से जारी (**100/–रू0**) का शपथ पत्र की मूलप्रति, लिफाफा "क" में प्रस्तुत करना है एवं निविदाप्रपत्र दर सहित लिफाफा "ख" में प्रस्तुत करना होगा। (4) कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम लागू होगी (5) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (6) नगर निगम के वाहनो से निर्माण कार्य हेतु पानी लेने पर देयक से 1% की राशि की कटौती की जावेगी किन्तु निगम वाहन उपलब्ध कराने हेतु बाध्य नहीं रहेगा। निगम क्षेत्र के स्त्रोतो से स्वयं के वाहन से पानी लेने पर 0.5% राशि की कटौती की जावेगी। (7) सफल निविदकार की निविदा दर निविदा राशि के 90% से कम होने की स्थिति में अंतर की राशि के समतुल्य परफारमेंस गारटी के रूप में राश्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर., पोस्टआफिस टाईम डिपाजिट, एन.एस.सी. जो कि कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई एवं एजेंसी के नाम से देय होगा, मांग की तिथि से 15 दिनों की समयावधि में जमा करना अनिवार्य होगा, समयावधि में जमा न कराने की दशा में निविदा स्वयमेव निरस्त हो जावेगी एवं जमा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी। (8) प्रस्तुत दस्तावेज असत्य पाये जाने पर पंजीयन निरस्त कर, काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी। (9) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जायेगा। (10) किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। (11) निविदा से वचित किये गये ठेकेदारो/एजेसियों की निविदा स्वीकार नही की जावेगी। (12) **कार्य प्रारंभ करने के पूर्व कार्य स्थल/कार्य का तथा कार्य के पश्चात् कार्य का फोटोग्राफस देयक से साथ प्रस्तुत करने की जवाबदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।** (13) कार्य के संबंध में विस्तृत नियम शर्तो की जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in and tender-uad@cg.gov.in से भी देखी जा सकती है। **(संपत्तिकर भू भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यो में सहयोग करें । जल ही जीवन है जल का सदुपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाएं। स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ एवं सुदंर भिलाई।**

//प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो पर्यावरण से नाता जोड़ो//

6/11/26

कार्यपालन अभियंता
(उद्यान विभाग)
नगर पालिक निगम, भिलाई